हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]


## DR. ABHIMANYU'S
### AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

**छत्तीसगढ़ का पहला सर्वसुविधायुक्त 20 बिस्तरीय आयुर्वेद अस्पताल**


मा.मुख्यमंत्री-
श्री विष्णुदेव साय जी द्वारा सम्मानित


मा. पूर्व मुख्यमंत्री-
श्री भूपेश बघेल जी द्वारा सम्मानित





मा. विधान सभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री-
डॉ. रमन सिंह जी द्वारा सम्मानित

**मरीजों की भर्ती की सुविधा उपलब्ध**

### उपलब्ध सुविधाएँ

**पंचकर्म**
- वमन
- विरेचन
- शिरोधारा
- अभ्यंग
- स्वेदन
- नस्य
- बस्ति

**दर्द निवारण**
- घुटने का दर्द (संधि वात)
- गठिया वात
- गृध्रसी (सायटिका)
- कमर दर्द
- गर्दन दर्द
- ए.वी.एन.
- आमवात (आर.ए.)

**नेत्र रोग**
- पास या दूर का न दिखना
- धुंधला दिखना
- आँखों में दर्द/जलन
- आँखों से पानी आना
- आँखों का सूखापन
- चश्मे का नम्बर कम या ज्यादा होना

**मल द्वार संबंधित**
- पाइल्स (बवासीर)
- फिशर (विदर)
- फिस्टुला (भगन्दर)
- पिलोनिडल साइनस

**स्त्री रोग**
- माहवारी संबंधित रोग
- PCOD, PCOS
- सफेद पानी का जाना
- बांझपन

**मनोरोग**
- अवसाद (डिप्रेशन)
- अनिद्रा
- पार्किंसंस
- स्मृति भ्रम

**पेट संबंधित बीमारियाँ**
- पाचन संबंधित समस्त विकार
- कब्ज
- पेट फूलना
- भूख न लगना

**बच्चों के रोग**
- Cerebral Palsy
- बिस्तर गीला करना
- Hyperactivity
- Immunity
- शारीरिक विकास
- Autism

**चर्म रोग**
- सोरायसिस
- दाद, खाज, खुजली
- कील-मुहाँसे
- सफेद दाग
- बालों का सफेद होना व झड़ना

**जीवन शैलीगत रोग**
- डायबिटिज
- थायरॉइड
- ब्लड प्रेशर
- मोटापा

## लेजर/क्षारसूत्र द्वारा मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज किया जाता है।

**तुरंत राहत | कम लागत**
पूर्णतः आयुर्वेदिक | कोई साइड इफ़ेक्ट नहीं



मल द्वार में मस्से, खून, जलन, दर्द, मवाद, खुजली, सूजन, मलत्याग में कठिनाई
ये लक्षण – पाईल्स, (बवासीर), भगंदर (फीस्टूला) जैसे गुदारोग हो सकते है
एवं अन्य गंभीर बीमारियों का कारण भी बनते है।

**उचित दरों पर सर्जरी की सुविधा उपलब्ध**

**छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त**
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति
**(MEDICAL REIMBURSEMENTS)**
हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

समस्त हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों से इलाज के बाद REIMBURSEMENTS की सुविधा उपलब्ध

### हमारे विशेषज्ञ


**Dr. Avinash Bais**
Chief Medical Officer, MD Ayurveda Panchakarma Specialist, Acupuncture Specialist, 28 Years of Experience


**Dr.M.Faizan Khan**
Senior Orthopedic Physiotherapist and Manual Therapist MPT Orth (New Delhi), 16 Years of Experience


**Dr.Damini Sahu**
BAMS, Anorectral Specialist Ksharsutra Specialist(Hubli, Karnataka),Prakriti Analyst (NIA, Jaipur), 5 Years of Experience


**Dr. Gourav Dewangan**
BAMS, Ex.RAV (Delhi)
5 Years of Experience


**Dr. Parul Tiwari**
BAMS CCPT (Maharastra) Infertility Specialist (Maharastra) Garbha Sanskar Specialist (Gujrat), 4 Years of Experience


**Dr. Aastha Sanadhya**
B.A.M.S. Skin Specialist (Maharashtra)
2 Years of Experience


**Dr. Abhimanyu Sahu**
B.A.M.S. Pain Consultant (Bengaluru), Agnikarma Specialist (Bengaluru) Chiropractor (Bengaluru), Pancha karma Specialist (Kerala) Dorn Specialist (Germany), 10 Years of Experience | Reg. No. 03858A

Rajesh

## डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
सेक्टर - 7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर-कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

हॉस्पिटल की लोकेशन हेतु स्कैन करें

## खबर संक्षेप

### पशु औषधालय हसलनार की टीम ने दिखाई तत्परता बचाई बैल की जान



**कोण्डागांव।** मर्दापाल ब्लॉक अंतर्गत पशु औषधालय हसलनार की टीम ने समय पर कार्रवाई करते हुए एक घायल बैल की जान बचाई। ग्राम पोहमार में आज सुबह लगभग 8 बजे चराई के दौरान एक बैल पहाड़ी से फिसलकर झरने में गिर गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण पिलाराम कोर्राम ने पशु औषधालय हसलनार को सूचना दी। सूचना प्राप्त होते ही उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एम.बी. सिंह के निर्देश पर टीम तत्काल मौके पर रवाना हुई। टीम में शामिल सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी आलोक कुमार नेताम एवं रामसीग कोर्राम ने मौके पर पहुंचकर झरने के पास ही बैल को तत्काल प्राथमिक उपचार प्रदान किया। टीम की त्वरित कार्रवाई और चिकित्सकीय देखरेख से बैल की जान बचाई जा सकी।

ग्रामीणों ने जताया आभार – इस मानवीय कार्य के लिए ग्रामवासियों ने पशु चिकित्सा विभाग की तत्परता और सेवा भावना की सराहना की तथा पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

### जमीन खरीदी और बिक्री से पिछले वर्ष से कम राजस्व



**जगदलपुर।** उप पंजीयक कार्यालय में जमीन की खरीद-बिक्री से राजस्व पिछले वर्ष की तुलना में कम मिला, छोटे भूखंडों की रजिस्ट्री पर प्रतिबंध से राजस्व में कमी आई है। अप्रैल से अक्टूबर 2025 तक 1907 दस्तावेज से 17 करोड़ 91 लाख 40 हजार 716 रूपए की राजस्व मिली और पिछले अक्टूबर 2024 में 2195 दस्तावेजों से 20 करोड़ 99 लाख 15 हजार 223 रूपए राजस्व रहा। शासन की नई भूमि नीति और दानपत्र निष्पादन योजनाओं ने भी लोगों को पंजीकरण के लिए प्रेरित किया। उप पंजीयक कार्यालय भवन में बैठने की बेहतर व्यवस्था, पार्किंग और आधुनिक सुविधाएं हैं, इससे पंजीकरण अब सरल और पारदर्शी हो रहा है। उप पंजीयक नरेन्द्र सिंह नाग ने बताया कि इस बार राजस्व का लक्ष्य नहीं दिया, फिर भी राजस्व बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

## पेज 11 के शेष

### नशे का सौदागर ...

कीमत 11 हजार 642 रूपए तथा पेंटाजोसिन इंजेक्शन एम्पुल 190 नग कीमत 7 हजार 123 रूपए बरामद कर जब्त किया गया। मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 सी के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

**कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिका :** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए नशे के सौदागर व सप्लायर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई ललित सिंह नेगी, लोकेश्वर नाग, एएसआई सतीश श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक पवन श्रीवास्तव, अहिलेश नाग, सुनील मनहर, मयाराम कश्यप, आरक्षक भैरव सिन्हा, अजित सरकार, संदीप राणा, सविता खेस व तिलोत्मा कश्यप की अहम भूमिका रही।

# धान खरीदी के लिए अधिकारी और कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

## कलेक्टर ने धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर एसडीएम, तहसीलदार, खाद्य विभाग, सहकारी बैंक, जिला विपणन अधिकारी, समिति प्रबंधक, खरीदी प्रभारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने किसान पंजीयन की समितिवार समीक्षा करते हुए इसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं जैसे नमी मापक यंत्र, इलेक्ट्रॉनिक कांटा–बांट, साफ–सफाई, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था और कंप्यूटर सिस्टम पूर्व से सुनिश्चित किए जाएं।

कलेक्टर ने चेतावनी दी कि धान उपार्जन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने भंडारण स्थल की पर्याप्तता की समीक्षा करते हुए नए स्थानों का प्रस्ताव देने तथा बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### 15 नवंबर से शुरू होगी 31 जनवरी तक जारी रहेगी प्रक्रिया

खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में धान खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ होकर 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। इस अवधि में अन्य राज्यों से धान की अवैध आवक पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। व्यापारी एवं कोच्चियों पर विशेष नजर रखी जाएगी। खाद्य अधिकारी एवं जिला विपणन अधिकारी ने धान खरीदी प्रक्रिया से संबंधित शासन के नवीन दिशा–निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी।

## साइबर टीम की अब तक की सबसे बड़ी सफलता

# 7.20 लाख से अधिक की साइबर ठगी का हुआ खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

जिले की साइबर सेल और कोण्डागांव थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए म्यूल अकाउंट से करोड़ों के लेनदेन में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खातों में 72,09,424 बहत्तर लाख नौ हजार चार सौ चौबीस रुपये की अवैध ट्रांजैक्शन पाई गई है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक बीएमडब्ल्यू बाइक, लैपटॉप, आईफोन सहित कई महंगे गैजेट्स जब्त किए गए हैं। यह अब तक की कोंडागांव पुलिस की सबसे बड़ी म्यूल अकाउंट कार्यवाही मानी जा रही है।

- कोंडागांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई बीएमडब्ल्यू बाइक के साथ म्यूल अकाउंट गिरोह का पर्दाफाश

गृह मंत्रलय, भारत सरकार के आई 4 सी साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर सायबर सेल कोण्डागांव ने जांच शुरू की थी। जांच के दौरान यह पाया गया कि सेंट्रल बैंक, कोण्डागांव से संचालित एक खाते खाता क्रमांक के माध्यम से देश के 41 अलग–अलग स्थानों से साइबर ठगी की शिकायतें



दर्ज की गई थीं। विवेचना में कुल 72 लाख से अधिक की राशि अवैध रूप से ट्रांजैक्शन की पुष्टि हुई। कोंडागांव जिले के दो युवक – पुलिस ने इस प्रकरण में दो नए आरोपियों को गिरफ्तार किया है परमेश मरकाम, पिता स्व. चौतुराम मरकाम, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम रांधना देवहरदुली, थाना फरसगांव। दसरू कांगे, पिता सनउ कांगे, उम्र 18 वर्ष, निवासी ग्राम चांदाबेड़ा, थाना बड़े डोंगर। दोनों आरोपियों ने कबूल किया कि उन्होंने कम समय में धन अर्जित करने की लालच में अपने बैंक खातों को साइबर अपराधियों के हवाले कर म्यूल अकाउंट के रूप में उपयोग कराया।

### बरामद सामान की कुल कीमत लगभग 7 लाख

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्र में लग्जरी आइटम और डिजिटल सामग्री जब्त की है बीएमडब्ल्यू बाइक 01 नग 3 लाख, सैमसंग लैपटॉप 40,000, एप्पल आईफोन 02 नग 1.7 लाख सैमसंग अल्ट्रा मोबाइल 60,000 सिलपैड, पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड आदि 70,000 कुल मूल्य 7 लाख अपराध में उपयोग खातों के धारक पहले भी गिरफ्तार हुआ है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि सेंट्रल बैंक खाते से जुड़े अन्य आरोपियों रविकांत साहू और चंद्रशेखर नायक दोनों निवासी सरोना, जिला कांकेर को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। ये आरोपी बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगी में कर रहे थे। प्रकरण में पुलिस अभी अन्य साइबर ठगों और मुख्य मास्टरमाइंड की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार भापुसे के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रूपेश कुमार के पर्यवेक्षण में विशेष टीम गठित कर जांच जारी है।

### टीम की सराहनीय भूमिका

पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक टामेश्वर चौहान, उप निरीक्षक गुलाब सिंह टंडन, आरक्षक हरविंद दर्रो, विष्णु मरई, सायबर टीम से प्रधान आरक्षक अजय बघेल, राजेश मनहर, रितुराज सिंह का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी व्यक्ति को अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड या ओटीपी न दें। म्यूल अकाउंट के माध्यम से ठगी में संलिप्त पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बड़े राजपुर में लगा विकासखंड स्तरीय पशु मेला एवं प्रदर्शनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव वर्ष 2025–26 के अंतर्गत विकासखंड बड़ेराजपुर के ग्राम बड़े राजपुर में गुरुवार को पशुधन विकास विभाग द्वारा विकासखंड स्तरीय पशु मेला एवं प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। इस मेले में बड़ी संख्या में पशुपालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पशु मेले के दौरान पशु चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण, बधियाकरण और औषधि वितरण किया गया। विभागीय चिकित्सकों द्वारा पशुओं की स्वास्थ्य जांच की गई और पशुपालकों को पशु पालन के आधुनिक तरीकों की जानकारी दी गई।

- पशुपालकों ने बढ़–चढ़कर लिया हिस्सा, विजेताओं को दिए गए पुरस्कार

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने पशुपालन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए किसानों से खेती के साथ–साथ पशुपालन को भी अपनाने की अपील की। उन्होंने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और पशुधन संरक्षण के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ लेने पर जोर दिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बड़े राजपुर की सरपंच हेमबाई मरकाम, जनपद सदस्य श्रीमती संगीता पोयाम, सांसद प्रतिनिधि लालाराम मरकाम एवं अन्य अतिथियों ने पशुपालन को रोजगार और आत्मनिर्भरता का मजबूत माध्यम बताया।

**प्रदर्शनी प्रतियोगिता में विजेताओं को किया गया सम्मानित :** पशु प्रदर्शनी प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. चार्ली पोर्ते एवं डॉ. कस्तुरी प्रधान द्वारा किया गया। विजेता पशुपालकों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के सफल संचालन में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एमबी सिंह, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुदरन मरकाम, डॉ. प्यारे लाल ठाकुर, एवं अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नवाचार व स्टार्टअप कार्यशाला में छात्र-छात्राओं ने दिखाई सृजनशीलता की चमक

**कोण्डागांव।** शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव में शुक्रवार को आयोजित नवाचार एवं स्टार्टअप कार्यशाला ने युवाओं में आत्मनिर्भरता और सृजनशीलता की नई लहर पैदा की। कार्यक्रम का आयोजन उद्योग–अकादमिक एकीकरण, कौशलध्उद्यमिता एवं रोजगार प्रकोष्ठ के तत्वावधान में किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों में नवाचार की सोच, आत्मनिर्भरता और स्टार्टअप भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

- शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव में हुआ प्रेरक आयोजन

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला का स्वागत भाषण वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. किरण नुरुटी ने दिया। उन्होंने कहा शिक्षा का लक्ष्य केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप कुछ नया सृजन करना भी है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोंडागांव कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा छात्रों को अपने आस–पास की समस्याओं को पहचानकर उनके समाधान की दिशा में काम करना चाहिए। इन्हीं प्रयासों से बड़े स्टार्टअप जन्म लेते हैं। आज नवाचार ही आत्मनिर्भर



भारत की पहचान है। उन्होंने छात्रों को नवाचार के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

**डॉ. नीरज वर्मा ने स्टार्टअप प्रक्रिया पर दी तकनीकी जानकारी :** मुख्य वक्ता डॉ. नीरज कुमार वर्मा, सहायक प्राध्यापक जैव प्रौद्योगिकी विभाग, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर ने आइडियाथॉन 2025 में भागीदारी की प्रक्रिया को पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से समझाया। उन्होंने छात्रों को सोचो स्थानीय, कार्य करो वैश्विक की भावना से नवाचार विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया। वहीं विशिष्ट अतिथि कुसुमलता नेताम, वरिष्ठ महाप्रबंधक वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, कोंडागांव ने राज्य सरकार की उद्यमिता योजनाओं, सब्सिडी, और उद्योग स्थापना की प्रक्रिया पर जानकारी दी। उन्होंने कहा आज शासन युवाओं को हर स्तर पर प्रोत्साहन दे रहा है, जरूरत है तो केवल संकल्प और सही दिशा की। डॉ. देवेंद्र मरावी ने विश्वविद्यालय स्तर पर चल रहे अनुसंधान और इनक्यूबेशन गतिविधियों की जानकारी दी और छात्रों को नवाचार–आधारित शिक्षा और स्टार्टअप मॉडल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

### छात्रों ने रखे अपने नवाचारी विचार, कलेक्टर ने की सराहना

संवाद सत्र के दौरान छात्रों नवीन देवांगन, सुशांत नेताम, सोनाली बेरा, रुद्र पोयाम, श्वेता सिंह और तरुण सेठिया ने अपने अभिनव विचार साझा किए। कलेक्टर ने उनके विचारों की सराहना करते हुए कहा हर बड़ा विचार एक छोटे कदम से शुरू होता है, और वही बदलाव की नींव रखता है। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक नसीर अहमद ने प्रभावशाली ढंग से किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. आकाश वासनीकर, प्रकोष्ठ समन्वयक द्वारा किया गया। कार्यक्रम ने यह स्पष्ट किया कि कोंडागांव के युवा अब केवल नौकरी के सपने नहीं, बल्कि रोजगार सृजन और नवाचार के माध्यम से समाज में बदलाव लाने का संकल्प लिए आगे बढ़ रहे हैं। वास्तव में यह कार्यशाला सृजन से स्वावलंबन की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध हुई।

# 3 दिवसीय श्री रामकथा का शुभारंभ, विधायक टेकाम हुए शामिल

**फरसगांव।** ब्लॉक अंतर्गत सुदूर ग्राम पंचायत मैंनपुर के आश्रित ग्राम फुटान चांदागांव में आयोजित त्रि-दिवसीय श्रीरामकथा का शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में हुआ। कार्यक्रम में केशकाल विधानसभा विधायक नीलकंठ टेकाम बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक टेकाम ने कलश यात्रा में सहभागिता करते हुए दीप प्रज्वलित कर कथा का शुभारंभ किया।

- फूटान चांदागांव में विधायक टेकाम ने किया पुल एवं सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों, सदाचार और समाज सेवा की प्रेरणा देने वाला पर्व है। उन्होंने आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन ग्रामीण जीवन में आस्था, एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे और रामकथा श्रवण का पुण्य लाभ लिया।



### विधायक टेकाम ने किया पुल एवं सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन

क्षेत्रीय विधायक नीलकंठ टेकाम के द्वारा शुक्रवार को फरसगांव ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत मैनपुर के आश्रित ग्राम फुटान चांदागांव में लगभग 15 लाख की लागत से बनने वाले आरसीसी पुल एवं सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। यह कार्य ग्रामीण क्षेत्र के सुगम आवागमन और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि "जनता की सुविधा और गांवों का विकास ही हमारी प्राथमिकता है, हर गांव तक विकास की सौगात पहुंचाना हमारा संकल्प है।

फुटान चांदागांव को मिली विकास की सौगात को लेकर ग्राम वासियों ने हर्षोल्लास के साथ विधायक का स्वागत किया और इस विकास कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा हमारी बरसों पुरानी मांग थी जो आज पुरी हुई इससे निश्चित ही बारिश से होने वाली तकलीफो से छुटकारा मिलेगा ग्रामीणों को भरपूर लाभ मिलेगा।

# सिटी ग्राउंड में शराब की बोतलें और गंदगी का अंबार जगह जगह दिखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी सहित कांग्रेस पार्षद दल ने आज सिटी ग्राउंड का निरीक्षण किया। इस दौरान कहीं-कहीं छोटे-बड़े गड्ढे दिखे।

साफ-सफाई की स्थिति खराब मिली साथ ही अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। ग्राउंड में बने दर्शक दीर्घा में शराब की बोतले और बेतहाशा गंदगी फैली हुई है। ग्राउंड में बनी नालियों में कचरा भरा पड़ा है, निकासी की व्यवस्था खराब है। कांग्रेस शासनकाल में इस ग्राउंड को नया स्वरूप दिया गया था। किंतु भाजपा की नगर सरकार के आने से ग्राउंड की दशा बेहद खराब हो चुकी है। जो निगम प्रशासन की निष्क्रियता का परिणाम है। बताया गया कि प्रशासन सिर्फ कागजों में कार्य कर रही है और धरातल पर जीरो बटे सन्नाटा पसरा हुआ है।



### ये रहे मौजूद

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष के साथ उपनेता कोमल सेना, गौरनाथ नाग, पार्षद सूयार्पानी, जाहिद हुसैन, विक्रम सिंह डांगी, गौतम पाणिग्रही, शुभम यदु, कैलाश नाग, राकेश मोर, आभास महंती, जस्टिन भवानी मौजूद रहे।

न्यायालय तहसीलदार भानपुरी
जिला बस्तर (छ.ग.)

क्रमांक / क / तह. / जन्म-मृत्यु / 2025
भानपुरी दिनांक, 14/10 /2025

// उद्घोषणा//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ज्योति दुर्गम पिता स्व. बंशीलाल जाति माहर निवास ग्राम करन्दोला तहसील भानपुरी के द्वारा अपने स्वयं ज्योति दुर्गम पिता स्व. बंशीलाल की जन्म दिनांक 03/01/1973 को होना बताते हुए जन्म प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 29/10/2025 तक आपत्ति पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर — तहसीलदार भानपुरी

# विधायक ने चिंगनार का किया दौरा, सुनीं लोगों की समस्याएं

**फरसगांव।** केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शुक्रवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान फरसगांव ब्लॉक के ग्राम चिंगनार पहुंचे।

जहां उन्होंने बूढ़ादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।साथ ही ग्रामीणों से मुलाकात कर उन्हीं समस्याओं और मांगो को सुना, ग्रामीणों की मांगो एवं समस्याएं सुनकर समाधान हेतु संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी एवं समर्पित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025

सांसद कश्यप ने किया 'सरदार 150 यूनिटी ... 12



वनाधिकार कानून और पेसा नियम के पालन से... 12





## खबर संक्षेप

### श्रमदान कर युवाओं ने सुधारा मुख्य मार्ग



**जगदलपुर।** जगदलपुर से बजावण्ड जाने वाला यह मार्ग बकावंड ब्लाक के अंतर्गत आता है। पूर्व जनपद सदस्य भोलानाथ नाग के नेतृत्व में मालगांव मेन रोड के गड्ढों को भरने का काम सामूहिक प्रयास से श्रमदान कर किया गया। इससे सड़क की स्थिति में सुधार हुआ जिससे आने जाने में सुविधा हुई एवं दुर्घटना से राहत मिलेगी।

### विधायक ने छोटे जामावाड़ा की समस्या का किया निराकरण



**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव से छोटे जामावाड़ा के ग्रामवासियों ने समस्याओं को लेकर मुलाकात कर अपनी बात रखी। जिसपर विधायक ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

### बकावंड में नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ



**जगदलपुर।** सम्पूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ राजनगर से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं जिला नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सरिता थामस के निर्देश पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी बकावंड के मार्गदर्शन में सभी सातों सेक्टरों में 31 अक्टबूर तक प्रत्येक गाम पाराओं में नेत्र संबंधी सभी प्रकार के खोज जांच एवं उपचार करने हेतु घर घर सर्वेक्षण नेत्र सहायक अधिकारी पुरुष, महिला स्वास्थ्य संयोजक महिला पुरुषों एवं मितानीनों के सहयोग से किया जा रहा है। सर्वेक्षण के पश्चात माह नवम्बर में उक्त सत्यापित प्रकरणों का इलाज किया जायेगा एवं मोतियाबिंद के मरीजों का महारानी अस्पताल में आपरेशन किया जाएगा। सर्वे के दौरान नेत्र सहायक अधिकारी दयानंद पटेल, स्वास्थ्य संयोजक पंकज बघेल, सामुरायिक स्वास्थ्य अधिकारी सरिता सेठिया, सरपंच सोनसिंग बघेल, उप सरपंच धर्मचंद बघेल शामिल रहे।

### विद्युत नियामक उपभोक्ता फोरम में 4 वर्ष में 31 मामले निराकृत

**जगदलपुर।** विद्युत नियामक के उपभोक्ता फोरम का मुख्य उद्देश्य बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करना है। ये फोरम विद्युत अधिनियम 2003 के तहत स्थापित किए गए हैं। उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित समस्याओं, जैसे बिलिंग या आपूर्ति की खराबी, को सुनते हैं। यदि उपभोक्ता फोरम में उनकी शिकायत का समाधान नहीं होता है, तो वे आगे राज्य आयोग द्वारा नियुक्त लोकपाल से संपर्क कर सकते हैं। विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र में उपभोक्ताओं के वर्ष 2022-23 में 4, 2023-24 में 14, 2024-25 में 11 एवं 2025-26 में 2 मामले मिले, जिनका निराकरण किया गया। इस तरह से 31 मामले मिले थे, लेकिन विद्युत उपभोक्ताओं में प्रचार-प्रसार नहीं होने से डेढ़ माह से फोरम में एक भी उपभोक्ताओं ने आवेदन नहीं दिया। बताया जा रहा है कि यह फोरम का कार्यालय जहां है, वह उपभोक्ताओं से दूर है।

# रैली निकालकर लैम्प्स प्रबंधकों ने धान खरीदी का बहिष्कार और आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कृषि उपज मंडी प्रांगण में शुक्रवार को बस्तर जिले के सभी लैम्प्स से पहुंचे प्रबंधकों और कर्मचारियों ने 4 सूत्रीय मांग को लेकर आवाज बुलंद की। धरना प्रदर्शन के बाद मुख्य मार्गों से नारेबाजी करते हुए रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे। मुख्यमंत्री तथा खाद्य मंत्री के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि मांग पूरी नहीं होने पर धान खरीदी का बहिष्कार कर अनिश्चितकालिन आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

बताया गया कि प्रदेश के 2058 सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को सेवा दे रहे है। 2739 उपार्जन केंद्रो में धान खरीदी की जाती है। धान परिवहन समय पर नहीं होने पर लैम्प्स को नुकसान उठाना पड़ता है। मार्कफेड रायपुर द्वारा सुखत की राशि सहित प्रासंगिक व्यय, सुरक्षा व्यय की राशि काटकर समितियों को भुगतान करती है। मिलर द्वारा समय पर धान पर नहीं उठाने की पेनाल्टी राशि स्वयं लेती है। इसके चलते धान खरीदी से होने वाली क्षति के कारण समिति कर्मचारियों को समय में वेतन नहीं मिल पाता। एक महिने तक खरीदी केंद्रो में धान पड़ा रहता है। वित्त विभाग को पिछले साल प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन परिणाम शून्य है।

**खास बातें**

- समय पर मिलर धान नहीं उठाते जिसकी क्षति का नुकसान उठाना पड़ता है लैम्प्स को
- मुख्यमंत्री और खाद्य मंत्री के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा





### 3 नवंबर से हड़ताल करेंगे

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने 4 सूत्रीय मांग को पूरा करने के लिए समयबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तय की है। जिसके अंतर्गत आगामी 28 अक्टूबर को एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय महा हुंकार ज्ञापन रैली, 3 नवंबर को संभाग स्तरीय अनिश्चितकालिन आंदोलन जो 12 नवंबर तक होगा।

## जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों से ग्राम विकास पर चर्चा की

# नक्सल आतंक का गांव अब पर्यटन हब के रूप में हो रहा विकसित : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बीजापुर

उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा आज नक्सल प्रभावित 2 जिले सुकमा और बीजापुर के दूरस्थ गांव दुलेड़ और नंबी पहुंचे। यह इलाका धुर नक्सल प्रभावित है। कुछ समय पहले तक नक्सलियों का गढ़ रहा है।

अत्यंत सुदूर वनांचल में बसे ग्राम नंबी चौक से नंबी जलप्रपात पर्यटन स्थल तक 94.48 लाख रुपए की लागत से बनने वाली डब्ल्यूबीएम सड़क का भूमिपूजन किया। यह सड़क गांव से नंबी जलप्रपात तक सीधे जाएगी। जिससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। गृहमंत्री ने मोटर सायकिल पर सवार होकर सड़क का भी निरीक्षण किया। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि बस्तर अब एक नई दिशा में बढ़ रहा है। जहां नक्सल आतंक से पीड़ति गांव अब पर्यटन हब के रूप में विकसित हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ जनचौपाल में सीधे संवाद किया। उन्होंने शासन की योजनाओं महतारी वंदन, धान खरीदी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के बारे में जानकारी देते हुए इन योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। उन्होंने अधिकारियों को युवाओं को सीएससी सेंटर संचालन के लिए प्रशिक्षण दिलाने और किसानों के विशेष शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों की मांग अनुरूप नंबी गांव में 20 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की। उन्होंने नंबी जलधारा पर्यटन समिति के द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन के साथ मिलकर किये जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर नंबी जलधारा समिति के अध्यक्ष गजेंद्र ने बताया कि ग्राम के 24 युवा सदस्यों द्वारा नंबी जलप्रपात का संचालन एवं देखरेख किया जा रहा है। पिछले चार महीनों में जलप्रपात को देखने 20 हजार से अधिक पर्यटक आये हैं। जिससे समिति के युवाओं को चार लाख रुपए से अधिक की आमदनी हुई है। यहां ना सिर्फ राज्य के स्थानीय पर्यटक अपितु जर्मनी एवं अन्य देशों से भी विदेशी पर्यटक पहुंच रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए युवाओं को प्रोत्साहित किया।

- नक्सलगढ़ सुकमा के दुलेड़ और बीजापुर के नंबी गांव पहुंचे उपमुख्यमंत्री
- बाइक में बैठकर किया सड़क निर्माण स्थल का निरीक्षण





### ये रहे उपस्थित

इस दौरान दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत सदस्य शंकरैया माड़वी, उसूर जनपद पंचायत अध्यक्ष पूर्णिमा तेलम, एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा, आयुक्त डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव, डीएफओ रंगानाथन रामकृष्णन वाय, सरपंच गलगम सुशीला काका समेत जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कैंप खुलने के बाद पहुंची मूलभूत सुविधाएं

गृहमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि दो वर्ष पूर्व नंबी में सुरक्षा कैंप स्थापित हुआ। जिसके बाद से अब तक गांव में बिजली, पानी और स्कूल जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंच चुकी हैं। बीजापुर अब विकास की राह पर अग्रसर है। सरकार की पुनर्वास नीति के चलते बड़ी संख्या में लोग हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौट रहे हैं। वह दिन दूर नहीं जब बस्तर पूरी तरह हिंसा मुक्त होगा। कलेक्टर संबित मिश्रा ने सुरक्षा कैंप स्थापित होने के बाद गांव में हुए विकास कार्यों की जानकारी भी दी।

# नशे का सौदागर व सप्लायर गिरफ्तार



**जगदलपुर।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस ने नशीली दवा बेचने वाले आरोपी के साथ ही ओडिशा से सप्लायर को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से हजारों रूपए कीमत का प्रतिबंधित कैप्सूल तथा इंजेक्शन एम्पुल बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया।

नशीली कैप्सूल तथा इंजेक्शन एम्पुल बेचने ग्राहक का इंतजार कर रहे आरोपी की सूचना पर गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निदेश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर संदेही धरम साहू निवासी पनारा पारा के कब्जे से बिक्री करने के लिए रखे एक प्लास्टिक थैला में प्रतिबंधित नशीली केप्सूल पाईवोन स्पॉस प्लस, ट्रामाडोल 6 सौ नग कीमत 4 हजार 940 रूपए बरामद किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने नशे का सामान आम्बागुड़ा ओडिशा स्थित तूफान मेडिकल के संचालक से खरीद कर लाया है। आरोपी की निशानदेही पर टीम द्वारा सप्लायर शेख मोहम्मद हसन पिता शेख तूफान निवासी ग्राम कुम्हलीपुट थाना आम्बागुडा जिला कोरापुट ओडिशा को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से अवैध प्रतिबंधित नशीली दवाई केप्सूल ट्रामाडोल 1,176 नग ▶▶| शेष पेज 10 पर

- प्रतिबंधित कैप्सूल तथा इंजेक्शन एम्पुल बरामद

# पतंजलि परिवार ने गोवर्धन पूजा और दिवाली मिलन हर्षोल्लास से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पतंजलि परिवार ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर हैप्पी कामधेनु गौशाला में भक्ति और सेवा के साथ पर्व मनाया। गौ माता को स्नान कराया, तिलक और पुष्प अर्पित किए तथा चारा, गुड़ और खीरा खिलाकर सेवा भाव का परिचय दिया।

पतंजलि के प्रांत अध्यक्ष डॉ. मनोज पाणिग्राही ने कहा जब हम गौ माता की सेवा करते हैं तो हमें आंतरिक संतोष,आध्यात्मिक उत्थान और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने आगामी 5 नवंबर से 25 दिवसीय सह-योग शिक्षक शिविर का आयोजन होने की जानकारी दी। इस शिविर के माध्यम से स्वरोजगार और रोजगार की संभावनाएँ बढ़ेंगी और प्रशिक्षित योग शिक्षक जन-जन तक योग और स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने का पुण्य कार्य करेंगे। कार्यक्रम के अंत में समिति की संरक्षिका डॉ. सुषमा झा ने गौशाला के प्रबंधक दीपक और अतिथियों को पतंजलि द्वारा भेंट देकर सम्मानित किया।

- बच्चों से बुजुर्ग तक सभी ने किया गौसेवा का दिव्य कार्य



# छिंदगढ़ रानीबहाल में 6 परिवारों के 26 लोगों ने की घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

विगत कुछ दिनों से ग्राम पंचायत छिंदगढ़ रानीबहाल में कुछ समुदाय द्वारा ग्रामवासियों को बहला फुसला, झूठा प्रलोभन, लालच की आड़ में जबरन धर्मांतरण कराया जा रहा था । गुरुवार को 6 परिवारों के लगभग 26 लोगों ने घर वापसी कर अपने समाज व रीतिरिवाज को अपनाया। इस दौरान प्रमुख रूप से सुकमा के ग्राम रानीबहाल के युवराज विक्रांत सिंहदेव उपस्थित रहे। साथ में जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम,बीजेपी युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय सोड़ी ग्राम के प्रमुखजन और पुजारी उपस्थित रहे।



# उप मुख्यमंत्री ने सुकमा जिले के सुदूर दुलेड कैम्प का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज सुकमा जिले के सुदूर वनांचल ग्राम दुलेड में सीआरपीएफ कैम्प का निरीक्षण किया। उन्होंने जवानों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। उन्होंने जवानों को कठिन परिस्थितियों और मुश्किलों के बाद भी लाल आतंक को जड़ से उखाड़ने के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह आप लोगों के साहस और संवेदनशीलता का ही परिणाम है कि आज राज्य के कई जिले अब नक्सल आतंक से मुक्त हो गए हैं।

उप मुख्यमंत्री ने जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि दुलेड में कैंप खुलने के बाद आमूल चूल परिवर्तन आया है। कई सालों तक नक्सलियों ने गांव तक बिजली, पेयजल, सड़क जैसी आधारभूत सुविधाओं को आने से रोका, शिक्षा का प्रकाश फैलाने वाले शिक्षादूतों को मारा लेकिन अब हमारे ग्राम तैयार हैं। हम सभी को मिलकर गांव के विकास के लिए कार्य करना है। सरकार भी क्षेत्र के सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध होकर लगातार कार्य कर रही है ताकि यहां के लोगों को अपने वन उत्पादों का उचित मूल्य एवं शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो। इस अवसर पर ग्रामीणों ने बताया कि अब गांव में उन्हें असल विकास का अहसास हो रहा है। हमें सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

- चौपाल में ग्रामीणों ने बताया-अब हो रहा विकास

### शिक्षादूतों की हत्या होती रही

भोले भाले ग्रामीणों को बहकाकर हिंसा के मार्ग पर ले जाना, शिक्षा कार्य करने वाले शिक्षादूतों की हत्या करना और आपको मार्ग से भटकाने का कार्य हो रहा था । श्री शर्मा ने कहा कि शासन वनांचलवासियों के विकास के लिए विभिन्न योजनाएं चला रहीं है।

### भटके युवाओं को मुख्यधारा में लाएं

उप मुख्यमंत्री ने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने गांवों के भटके युवाओं को मुख्यधारा में आने के लिए प्रोत्साहित करें। विगत दो दिन में 300 से अधिक लोग हथियार त्याग कर मुख्यधारा में शामिल हुए हैं, जिनका उनके ग्राम के गायता, पुजारी, पटेल द्वारा पारम्परिक रूप से स्वागत किया गया। शासन ने भी समर्पण करने वालों के लिए खुशी से अपनी बाहों को खोल रखा है और उनके पुनर्वास के लिए संवेदनशील पुनर्वास नीति भी तैयार की है।

### 1 करोड़ से हर गांव का होगा विकास

गृहमंत्री ने बताया कि शासन की इलवद ग्राम योजना से अब नक्सल मुक्त ग्रामों के लिए एक करोड़ के विकास कार्यों की घोषणा की गई है। इससे गांव में बारहमासी सड़कें, पेयजल, परिवहन आदि की व्यवस्था की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीण युवाओं को खेल उपकरणों का वितरण किया।

## बीजापुर के सर्किट हाउस में नक्सल पुर्नवास की गृहमंत्री ने की समीक्षा

# सरेंडर नक्सलियों का अच्छे से ध्यान रखें अधिकारी खानपान और अन्य जरुरतों की कमी न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने आज बीजापुर सर्किट हाउस में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास केंद्र में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की।

गृहमंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुनर्वास केंद्र में रह रहे आत्मसमर्पित नक्सलियों की बुनियादी आवश्यकताओं का संवेदनशीलता के साथ ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि उनके दैनिक जरूरतों जैसे नाश्ता, भोजन, वस्त्र, खेलकूद की सामग्री, योगाभ्यास और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही उनके लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन-प्रशासन के वरिष्ठ जनों से नियमित संवाद की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पुनर्वास केंद्र में रह रहे लोगों के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। उनकी रुचि एवं योग्यता के अनुसार उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, जिससे वे मुख्यधारा में सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें। उन्होंने आत्मसमर्पित नक्सलियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए परिजनों से मिलने की तिथि तय करने एवं यदि उनके परिवारजन किसी जेल में बंद हैं, तो उनसे मिलने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी पुनर्वासित व्यक्तियों को कम से कम एक बार रायपुर भ्रमण पर ले जाया जाए, ताकि वे समाज और विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें। इसके साथ ही उन्होंने पुनर्वास केंद्र के प्रत्येक सदस्य को निःशुल्क मोबाइल फोन उपलब्ध कराकर परिवार नियमित संपर्क बनाए रखने में सहयोग करने को कहा।





### ये रहे उपस्थित

बैठक में दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा, आयुक्त डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव, डीएफओ रंगानाथन रामाकृष्णन वाय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### शतरंज स्पर्धा में प्रवेश की अंतिम तिथि 28 अक्टूबर

**जगदलपुर।** प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में जिला शतरंज संघ बस्तर द्वारा जीएच रायसोनी स्मृति एक दिवसीय रेपिड शतरंज स्पर्धा का आयोजन इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में किया जा रहा है ।

संस्था की ओर से 51000 की ईनामी राशि इस शतरंज टूनार्मेंट के लिए प्रदान की गई है। इस स्पर्धा में खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार एवं ट्राफियां प्रदान की जाएंगी। इस रैपिड टूनार्मेंट में केवल बस्तर संभाग के खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि 28 अक्टूबर निर्धारित है। यह प्रतियोगिता स्वीस लीग पद्धति से पांच राउंड में खेली जावेगी। नकद पुरस्कार के अलावा प्रथम तीन स्थान पर आने वाले खिलाड़ियों को ट्राफियां प्रदान की जाएंगी । यह जानकारी जिला शतरंज संघ बस्तर के अध्यक्ष शशांक श्रीधर ने प्रेस विज्ञप्ति में दी है।

### डॉ. बेहार को बस्तर माटी ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**जगदलपुर।** पिछले दिनों डॉ. राम कुमार बेहार का निधन रायपुर मे हो गया है। स्थानीय बस्तर माटी तथा बस्तर लोक संस्कृति संरक्षण समिति के सदस्यों ने राजा रुद्र



प्रताप देव लाइब्रेरी में शोकसभा में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. बेहार जगदलपुर में वर्ष 1970 से 1992 तक अपनी सेवाएं दी । बस्तर में रहते हुए उन्होंने आदिवासी विद्रोह विषय पर शोध कार्य के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से वर्ष 1987 में पीएच-डी. की उपाधि प्रदान की। वे प्राचार्य के पद से 2008 में सेवानिवृत्त हुए तथा स्वतंत्र लेखन में लगे हुए थे। उनकी प्रकाशित प्रमुख पुस्तकों में बस्तर आरण्यक, बस्तर एक अध्ययन, गुंडाधुर बस्तर का जननायक, कांकेर का इतिहास,आदिवासी आंदोलन और प्रवीरचंद भंजदेव, छत्तीसगढ़ का इतिहास, आदिवासी बस्तर : इतिहास एवं परम्पराएं हैं। वे कवि ,कहानीकार और उपन्यासकार थे।

इस अवसर पर रुद्र नारायण पाणिग्रही, एस करीमुद्दीन, दशरथ कश्यप, सुभाष पांडे, नरेंद्र पाढ़ी, विक्रम कुमार सोनी, नारायण सिंह बघेल, महेंद्र पांडे, बिंदेश सोनी, भूपेंद्र पाणिग्राही, चंचला सावरकर, पार्वती शर्मा, पूर्णिमा सरोज, हितप्रिता ठाकुर मौजूद थे।

# अच्छी खेती-किसानी करें और घर-परिवार में खुशहाली लाएं : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कृषि प्रधान देश में उन्नत खेती-किसानी को बढ़ावा देने के लिए सरकार निरन्तर प्रयास कर रही है और किसानों के हितों के प्रति कटिबद्ध है। इन योजनाओं से लाभान्वित होकर अच्छी खेती-किसानी करें और घर-परिवार में खुशहाली लाएं। यह बात सांसद महेश कश्यप ने कुम्हरावण्ड के शहीद गुण्डाधुर एग्रीकल्चर कॉलेज के आडिटोरियम में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर कही।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरगामी प्रयासों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार हरेक किसानों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार के किसान हितैषी योजनाओं के बारे में अवगत कराया और लाभान्वित होने का आग्रह किसानों से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक किरण सिंह देव ने आय संवृद्धि के लिए खेती-किसानी के साथ ही पशुपालन, कुक्कुटपालन, मत्स्यपालन, उद्यानिकी फसलों की खेती, मधुमक्खीपालन जैसी आयमूलक गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कृषि के आनुषांगिक गतिविधियों से अतिरिक्त आय होने के फलस्वरूप किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी। विशिष्ट अतिथि चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने उन्नत खेती-किसानी के साथ ही जैविक खेती को बढ़ावा देने पर बल देते हुए वर्तमान में मिलेट्स की पैदावार बढ़ाने के लिए किसानों से आग्रह किया।

## किसान मेला में दी गई केंद्र और राज्य की कृषि योजनाओं की जानकारी

### मोहन और विजय को मिला चेक

राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजनांतर्गत मोहन कश्यप एवं विजय ठाकुर को अनुदान राशि का चेक प्रदान किया गया। वहीं 10 किसानों को पीएम किसान क्रेडिट कार्ड तथा तीन मत्स्यपालन स्व सहायता समूहों को मछलीपालन जाल एवं आइसबॉक्स प्रदान किया गया।

- आय में वृद्धि के लिए खेती-किसानी के साथ पशुपालन, मछलीपालन जैसी दूसरी योजना अपनाएं : देव




### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, पूर्व विधायक लछुराम कश्यप, गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पीके सलाम, सयुंक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. डीके नेताम, उपसंचालक उद्यानिकी आकांक्षा सिन्हा और अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में कृषक मौजूद रहे।

## कहा रियासतें सरदार ने जोड़ीं, अब हम दिल जोड़ेंगे, बस्तर से उठेगी एकता की मशाल

# सांसद कश्यप ने किया 'सरदार 150 यूनिटी मार्च' का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सांसद महेश कश्यप ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में प्रेसवार्ता में कहा कि यह केवल प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना जगाने का अभियान है। उन्होंने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर देशभर में 'सरदार 150 यूनिटी मार्च' की शुरुआत की गई है। बस्तर में यह अभियान 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक जोर-शोर से चलेगा।

सांसद ने कहा कि जैसे लौहपुरुष सरदार पटेल ने रियासतों को जोड़कर अखंड भारत का निर्माण किया था, वैसे ही हम बस्तर के गांव-गांव,गली-गली में दिलों को जोड़ने निकलेंगे। यह यात्रा विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम होगी। बस्तर के हर जिले में योग शिविर, व्याख्यान, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं और नशामुक्त भारत के लिए जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।

कश्यप ने बताया कि माय भारत पोर्टल,एनसीसी, एनएसएस स्वयंसेवक, स्कूल-कॉलेजों के छात्र और समाज के हर तबके के लोग इस यात्रा में शामिल होंगे। युवाओं के लिए रील, निबंध और यंग लीडर्स प्रोग्राम जैसी प्रतियोगिताएं पहले ही शुरू हो चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि दीवाली की रौनक भले खत्म हो गई हो,लेकिन यूनिटी मार्च बस्तर में एक नई ऊर्जा और उत्सव का माहौल लेकर आएगा। सड़कों पर रंगोली, स्वागत द्वार और उमंग से भरे युवा ही इस आंदोलन का चेहरा होंगे। सांसद ने बताया कि 26 नवंबर, संविधान दिवस को बस्तर के चयनित युवा प्रतिनिधि गुजरात के स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक 152 किमी की ऐतिहासिक पदयात्रा करेंगे। कश्यप ने कहा सरदार ने नक्शे पर भारत को जोड़ा था, अब हम आत्माओं में भारत को जोड़ेंगे। प्रेसवार्ता में जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी,जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान,निगम पार्षद योगेंद्र पांडे,भाजपा जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे,एसडीएम ऋषिकेश तिवारी सम्मलित थे।



### 19 से 20 नवम्बर को बस्तर में

सांसद के अनुसार 19 नवम्बर को बस्तर जिले के बकावण्ड ब्लाक के कोर्टा से यात्रा प्रारंभ होगा। यहां से नलपावन्द, पीथमपुर, बजावण्ड, तारापुर, बनियागांव, पाइकपाल, उलनार (रात्रि विश्राम) दूसरे दिन 20 नवम्बर को उलनार से करीतगांव, कोहकापाल, कुरुषपाल, मालगांव, इरिकपाल, धोबिगुड़ा होते जगदलपुर राजा रुद्रप्रताप टाउन क्लब प्रांगण में सम्पन्न होगा।

### यात्रा 6 नवम्बर को दंतेवाड़ा से प्रारम्भ, 20 नवम्बर को जगदलपुर में समापन

सांसद ने बताया यूनिटी मार्च (एकता यात्रा) बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा जिले के जांगवा से 6 नवम्बर को निकलेगी। गीदम,कारली (रात्रि विश्राम) दूसरे दिन चितालंका दंतेवाड़ा में समापन होगा। 8 नवम्बर को सुकमा जिले के रामाराम स्थित चिटनिस मन्दिर से प्रारम्भ होकर, बोरगुड़ा, गोंगला होते हुए सुकमा में सम्पन्न होगा। 18 नवम्बर को बीजापुर जिले के नैमेड से प्रारम्भ होकर दुगेली, मुसालूर, रेंगानार, धनोरा चौक से कोटापाल में समापन होगा।

# सभी घाटों में सफाई और सुरक्षा आवश्यक : पाण्डेय




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छठ महापर्व के आयोजन को लेकर महापौर संजय पांडे ने आज शहर के गंगा मुंडा, दलपत सागर एवं अन्य छठ पूजा घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान दलपत सागर स्थित राम मंदिर के समीप छठ घाट का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर रितेश सिन्हा, पंडित विपिन तिवारी, सीमा चौबे, आदर्श, सहित समाज के अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

- छठ महापर्व की तैयारी का महापौर ने लिया जायजा, घाटों का किया निरीक्षण

महापौर ने निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को घाटों की स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। गंगा मुंडा तालाब में घाटों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है । वीड हार्वेस्टर मशीन को लगातार चलाकर जलकुंभी एवं कमल नाल को घाट के किनारे से हटाया जा रहा है। साथ ही घाट में लगे टाइल्स को रंगने की प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने कहा कि छठ पर्व श्रद्धा और स्वच्छता का प्रतीक है इसलिए सभी घाटों की नियमित सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।

महापौर ने नागरिकों से अपील की कि तालाब या घाटों में कचरा या प्लास्टिक न फेंके। उन्होंने कहा शहर की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। घाटों के निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, निर्मल पाणिग्रही, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ,पार्षद बसंती समरथ, पूर्व पार्षद अतुल कौशल एवं कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, अजय बानिक, विमल पांडे उपस्थित रहे।

# राशन वितरण की अव्यवस्था से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

नगर के 15 और 16 नंबर वार्ड में संचालित भगवती समूह की सरकारी राशन दुकानों में लापरवाही से लोग नाराज हैं। निर्धारित समयानुसार से वितरण प्रारंभ होना चाहिए किंतु दुकानें अक्सर दोपहर 11:30 से 12 बजे के बीच ही खुलती हैं। इसके कारण लाभार्थियों को लंबे समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है।

नियमित रूप से यह भी देखा गया है कि प्रति माह राशन वितरण की शुरुआत 13 से 15 तारीख के बीच होती है जिससे कई कार्डधारी समय पर अनाज प्राप्त नहीं कर पाते। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि दुकान में बिजली की सुविधा न होने से जब भी तराजू या बायोमेट्रिक मशीन बंद पड़ जाती है तब वितरण पूरी तरह ठप हो जाता है। कई बार एकमात्र महिला कर्मचारी को ही एंट्री, बायोमेट्रिक व तौलने का कार्य एकसाथ करना पड़ता है। लगभग 400 से अधिक राशन कार्डधारी इस केंद्र से जुड़े हुए हैं जिनमें से अनेक को समय पर



राशन नहीं मिल पा रहा है। शुक्रवार को स्थल पर निरीक्षण के दौरान कई महिलाएं अपने छोटे बच्चों के साथ लंबी कतारों में खड़ी रहीं। गर्भवती एवं वृद्ध महिलाओं को भी घंटों इंतजार करना पड़ा। नगरपालिका अध्यक्ष एवं भाजपा नेता राजू जायसवाल से संपर्क करने पर वे तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क साधा और वितरण व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए।

# नाबालिग को शराब बेचने वाले रक्षक कंपनी के कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

नाबालिक को शराब बेचने के मामले में कलेक्टर ने अब तक संज्ञान नहीं लिया और आबकारी अधिकारी भी खामोश है जिम्मेदारों का मौन रहना दर्शाता है की शासकीय शराब दुकान में मदिरा बेचने का ठेका ली हुई रक्षक कंपनी को आबकारी एक्ट और किशोर अधिनियम की धाराएं माफ है।

गौरतलब है कि बीजापुर में संचालित शराब दुकान में नाबालिक को शराब बेचने का मामला सामने आने के बाद जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा को अवगत कराते हुए बताया गया कि किस प्रकार शासकीय शराब दुकान में मौजूद रक्षक कंपनी के कर्मचारी नाबालिगों को बड़े पैमाने पर शराब बेच रहे है। बावजूद इसके अब तक कार्रवाई तो दूर संज्ञान में भी लिया है वहीं अन्य शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की तत्परता दिखाने वाली आबकारी विभाग के अधिकारी भी चुप्पी साध रखे है आखिर क्यों? ज्ञात हो की किसी भी नाबालिक को शराब बेचने पर 7 साल तक की कैद और 1 लाख रुपये तक का जुर्माने का प्रावधान है साथ ही किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 77 और 78 के तहत एक गंभीर अपराध है, जिसके तहत दोषी व्यक्ति तथा कंपनी के खिलाफ दंड लगाया जा सकता है। राज्य शासन ने भी शासकीय शराब की दुकानों में एमआरपी दर से अधिक बेचते हुए पकड़ाये जाने पर कर्मचारियों को बर्खास्त करने के अलावा संबंधित कम्पनी का टेंडर निरस्त करने का स्पष्ट निर्देश है किंतु अधिकारी अब भी बेखबर है।

फालोअप


बीजापुर शराब दुकान में अधिक दामों पर बेची जा रही मदिरा
नाबालिगों के हाथ में किताबें नहीं, ब्लैक में बेचने शराब की बोतल कौन थमा रहा?
जांच कराएंगे

### शराब दुकान 3 हिस्सों में

बीजापुर में सरकारी शराब दुकान का ठेका तीन हिस्सों में है। पहले दिल्ली की रक्षक कंपनी को मदिरा बेचने का ठेका दिया है, जो खुलेआम एमआरपी रेट से अधिक क़ीमत पर बेच रही है, दूसरी कंपनी रायपुर की इगल सॉल्यूशन लिमिटेड है, जिसे शराब दुकान की सुरक्षा की जिम्मेदारी है, तीसरी कम्पनी हिताची जो केरल है, इसे मैंनेनमेंट का ठेका दिया हुआ है।

### शराब बेचना अपराध

आबकारी विभाग को नोटिस जारी किया जायेगा, शराब दुकान के कर्मचारियों के खिलाफ जेजे एक्ट के तहत कार्रवाई करने की अनुशंसा की जाएगी।

-मिथिलेश कुमार मंचारला,
अध्यक्ष, बाल कल्याण समीति बीजापुर

# सड़क पर मौत के गड्ढे, पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से हादसों का रास्ता तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

जिले में लोक निर्माण विभाग की लापरवाही अब जानलेवा साबित हो रही है। नकुलनार से सातधार के बीच करीब 13 किलोमीटर लंबी सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। यह मार्ग इतना जर्जर हो चुका है कि इस पर चलना अब जोखिम भरा हो गया है।

- नकुलनार से सातधार मार्ग पर सफर बना खतरा, विभाग मौन



मसेनार और रेंगानार के बीच की सड़क तो कई जगह से पूरी तरह उखड़ चुकी है, वहीं चंदेनार मार्ग के पास सड़क के एक किनारे का हिस्सा गायब हो गया है। इन जगहों पर बड़े-बड़े गड्ढे हादसों को दावत दे रहे हैं मगर विभाग पूरी तरह बेसुध बना हुआ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क की मरम्मत हर साल की जाती है, लेकिन घटिया कोलतार और कमजोर पेंचवर्क के कारण कुछ ही महीनों में सड़क फिर उखड़ जाती है। विभागीय अधिकारी और ठेकेदार रिपेरिंग का काम पूरा होते ही भुगतान ले लेते हैं, लेकिन मरम्मत की गुणवत्ता पर कोई निगरानी नहीं रहती। इसी वजह से सड़कों की हालत साल-दर-साल और बिगड़ती जा रही है।

गुरुवार देर रात को तेज बारिश के दौरान इसी जर्जर सड़क ने एक बड़ा हादसा आमंत्रित कर दिया। दंतेवाड़ा से नकुलनार की ओर आ रही इनोवा कार क्रमांक सीजी 18 सी 1138 रेंगानार के पास बने एक गहरे गड्ढे में गिर गई और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा घुसी। गनीमत रही कि चालक बाल-बाल बच गया, लेकिन वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अगले दिन वाहन को जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया।

यह कोई पहला हादसा नहीं है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, इस स्थान पर अब तक कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं, लेकिन पीडब्ल्यूडी की ओर से अब तक कोई स्थायी सुधार नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने विभाग से तत्काल सड़क की मरम्मत कर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो यह सड़क किसी बड़ी त्रासदी का कारण बन सकती है।

# नकद व लिंकिंग व्यवस्था के तहत की जाएगी धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की सभी तैयारियां जिला प्रशासन की ओर से पूरी की जा रही हैं। भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इस वर्ष औसत अच्छी किस्म के धान के लिए समर्थन मूल्य धान कॉमन 2369 प्रति क्विंटल तथा धान ग्रेड-ए 2389 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। धान खरीदी की अवधि 15 नवंबर से 31 जनवरी तक रहेगी। इस दौरान किसानों से नगद व लिंकिंग व्यवस्था के तहत धान की खरीदी की जाएगी। प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल तक धान की खरीदी की सीमा तय की गई है। जिला प्रशासन ने बताया कि बायोमेट्रिक आधारित खरीदी प्रणाली के तहत आवश्यक तैयारियाँ गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी की जा रही हैं। साथ ही पुराने जूट बारदानों की व्यवस्था पीडीएस एवं मिलर्स के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है। मिलर्स के पास उपलब्ध बारदानों का भौतिक सत्यापन और सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि का कार्य भी प्रगति पर है। धान खरीदी केन्द्रों पर इस बार इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्रों के माध्यम से खरीदी की जाएगी। समितियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि सभी तौल यंत्र कार्यशील स्थिति में हों। धान संग्रहण स्थलों का चयन इस प्रकार किया जा रहा है कि वे नीची भूमि या जलभराव वाले क्षेत्र न हों, ताकि आकस्मिक वर्षा की स्थिति में धान सुरक्षित रह सके।

# वनाधिकार कानून और पेसा नियम के पालन से होगा गांव का विकास

- 3 दर्जन ग्राम सभा के प्रतिनिधियों ने महासभा में रखी अपनी बात
- वन संसाधन और पर्यटन से गांव में विकास लाने का लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के दरभा ब्लॉक के ग्राम कांदानार में ग्राम सभा संघ की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। आम बगीचा परिसर में बैठक की अध्यक्षता पार्वती नाग ने की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य वनाधिकार कानून 2006 के तहत प्राप्त सामुदायिक वन संसाधन अधिकारों के अंतर्गत जंगलों के प्रबंधन को सुदृढ़ बनाते हुए ग्राम सभा के नियमों के अनुरूप आजीविका, स्वशासन, आत्मनिर्भरता, पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करना रहा।

साथ ही पेसा नियम 2022 के अंतर्गत शिक्षा व्यवस्था, खनिज, हाट-बाजार समिति, स्वास्थ्य समिति तथा अन्य ग्राम स्तरीय समितियों के प्रभावी संचालन पर चर्चा की गई ताकि ग्राम सभाओं द्वारा लिए गए निर्णयों का सही क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।



### वनोपज, पर्यटन से आजीविका संवर्धन

गुड़ियापदर, चांदमेटा और कावापाल गांवों की मूलभूत समस्याएं सड़क, शिक्षा आदि महा ग्राम सभा संघ के संज्ञान में लाई गईं। निर्णय लिया गया कि ये ग्राम सभाएं आवेदन महा ग्राम सभा संघ को प्रस्तुत करेंगी। आजीविका संवर्धन के लिए यह निर्णय हुआ कि विभिन्न ग्रामों में उपलब्ध वनोपज, पर्यटन और अन्य स्थानीय उत्पादों के प्रचार-प्रसार में महा ग्राम सभा संघ सहयोग करेगी।

इस बैठक में 30 से 35 ग्राम सभाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें मुंडापाल, घाटकवाली, नारायणपाल, भाटपाल, छापरभानपुरी, टेकामेटा, धरमाऊर, आँवराभाटा, भडिसगांव, बुरुंगपाल, नहरमुण्डा, कामदेव, कुरुषपाल, तितरी, तिरिया, गुमलवाड़ा, कावापाल, तोलावाड़ा, गुड़ियापदर, पेंगारास, बामनारास, नेतानार, चेचालगुर, चांदामेटा, कोन्डलूर, करका, चितापुर, भड़रिमहु, टाईपदर, गुनियापाल, तितरी, कोलेंग आदि शामिल थीं।

बैठक में प्रत्येक ग्राम सभा द्वारा अपने-अपने गांवों में चल रहे संरक्षण, संवर्धन और पुनरुत्पादन से संबंधित कार्यों की समीक्षा एवं विवरण प्रस्तुत किए गए।

